आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–14 जुलाई 2024 सान्ध्य समाचार

उपभोक्ता कार्य विभाग ने पैकेटबंद वस्तुओं में समानता बनाए रखने के लिए लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, दो हजार ग्यारह में संशोधन का प्रस्ताव किया है। संशोधन में ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्लेटफार्मों पर खुदरा बिक्री के लिए प्री–पैकेज्ड वस्तुओं की सभी जानकारी घोषित करना अनिवार्य करने का प्रस्ताव है।

उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने कहा कि संशोधन से पैकेटबंद वस्तुओं के लिए समान मानक स्थापित करने में मदद मिलेगी, जिससे विभिन्न ब्रांडों और उत्पादों में स्थिरता और निष्पक्षता को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा है कि नए नियम औद्योगिक उपभोक्ताओं या संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए पैकटबंद वस्तुओं पर लागू नहीं होंगे।

****

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सम्पन्न हुई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज की पार्टी और भविष्य की भी पार्टी है। यह भविष्य हमारे हाथों में है। इसे संभाल कर रखना हमारी जिम्मेवारी है। वर्ष दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने के लिए देश की जनता द्वारा मिले जनादेश और अन्य राजनीतिक दलों के क्षेत्रीय प्रभाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अकेली भारतीय जनता पार्टी पैन इंडिया पार्टी है । हम सभी एक सौ चौलास करोड़ लोगों का नेतृत्व करने वाले जिम्मेवार कार्यकर्ता हैं।

बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह, दो हजार सत्रह और दो हजार बाइस में भारतीय जनता पार्टी का जो मत प्रतिशत था वही वर्ष दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनावों में भी रहा है। उन्होंने कोविड के कठिन दौर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं के सेवा भाव और समर्पण को रेखांकित किया और पूरे मनोबल के साथ इसे जारी रखने का आह्वान किया।

बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक समेत संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

****

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के सोलह जिलों में बाढ़ का मध्यम से लेकर भारी प्रभाव बना हुआ है। इनमें लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बलिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, बाराबंकी, सीतापुर, बरेली, गोरखपुर, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, गोंडा और बहराइच जिले शामिल हैं। हमारे बलरामपुर प्रतिनिधि ने बताया है कि वहां बाढ़ की स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ है और राप्ती नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान से नीचे आ गया है। शाहजहांपुर जिले में बाढ़ का पानी थोड़ा कम होने पर लोगों ने घर लौटना शुरू कर दिया है। फर्रूखाबाद जिले में आज सुबह नरौरा बांध से पैंतीस हजार क्यूसेक, बिजनौर बैराज से अट्ठाइस हजार क्यूसेक और हरिद्वार बांध से पच्चीस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया । इससमे गंगा नदी का जलस्तर एक सौ पैंतीस दशमलव तीन पांच मीटर और रामगंगा नदी का जलस्तर एक सौ सैंतीस दशमलव शून्य पांच मीटर तक पहुंच गया है। उन्नाव जिले में गंगा नदी का पानी चेतावनी बिंदु एक सौ बारह मीटर से मात्र बावन सेंटीमीटर दूर रह गया है। पीलीभीत जिले में बाढ़ का पानी कम होने के बाद मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। इसे देखते हुए वहां पूरनपुर तहसील के चंदिया हजारा गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संतकबीरनगर जिले में घाघरा, राप्ती और कुआनो नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है ।

****

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज परिवार के साथ विंध्याचल धाम पहुंच कर मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि माता के दर्शन से उन्हें बल मिलता है। विधानसभा उपचुनावों के हाल ही में आए परिणामों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि देश की जनता को जो चीजें समझ में आती हैं उसी के अनुरूप परिणाम भी मिलता है। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद ही बड़ी ताकत है।

****

कार्डधारक काशीवासियों को काशी विश्वनाथ मंदिर में काशीद्वार से प्रवेश मिलेगा। नेमी दर्शनार्थी जहां से प्रवेश करते थे, वहीं से प्रवेश कर दर्शन करेंगे। यह जानकारी मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि काशी के स्थानीय लोगों के लिए बनाये गये काशीद्वार का ट्रायल सफल रहा है। उन्होंने स्प्ष्ट किया कि फिलहाल काशीद्वार सभी काशीवासियों के लिए शुरू नहीं किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पहले से जो सुविधाएं चली आ रही हैं उन सुविधाओं को बंद नहीं किया गया है।

****